## खबर संक्षेप



### आयुर्वेद औषधालय के नवीन भवन का होगा निर्माण, किया भूमिपूजन

**ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा के शासकीय आयुर्वेद औषधालय में नवीन भवन का निर्माण कार्य होगा। सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष दुबे ने इसका भूमिपूजन किया है। डॉ जितेन्द्र बंसल ने बताया कि नवीन भवन के निर्माण होने से औषधालय में पर्याप्त सुविधा होगी। वर्तमान में भवन के जर्जर और जगह के अभाव में दिक्कत होती हैं।भवन निर्माण कार्य होने से क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

### जहरीले पदार्थ का सेवन से 7 बकरियों की मौत

**ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के उमरपानी के जंगल में चरने निकली सात मवेशियों (बकरियों) की जहरीले पदार्थ का सेवन करने से मौत हो गई। पशु चिकित्सकों की टीम पहुँची और उपचार किया। अभी भी पांच मवेशियों की हालत नाजुक है। हासिल जानकारी के मुताबिक दादर सिहुड़ी के आश्रित गांव उमरपानी से लगे जंगल में राजेश यादव डेढ़ दर्जन मवेशियों को लेकर चरने के लिए छोड़ा। जहा पड़े जहरीले पदार्थ का सेवन करने से दुलारे यादव के चार और राजेश यादव के तीन मवेशियों की मौके पर मौत हो गई सूचना पर पशु चिकित्सक भी मौके पर पहुँचे और उपचार किया। पशु चिकित्सकों की टीम ने बताया कि जहरीले पदार्थ का सेवन करने से मवेशियों की मौत हुई है। जबकि कुछ घायल अवस्था में है।हालांकि जहरीला पदार्थ किसने रखा था इसकी जानकारी नहीं लग सकी।

### एएसआई की तत्परता से बची चालक व कंडक्टर की जान

**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम देवगांव पहाड़ी पर वाहन पलट गया। इस हादसे में चालक व परिचालक वाहन में भी फंसे रहे। बताया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 15 जी 5486 से वाहन चालक दीपचंद्र पिता रामसिंह ठाकुर अपने सहयोगी कन्डेक्टर राहुल पिता मान गणेश लोधी निवासी हीरापुर शाहगढ़ सागर के साथ अपने ट्रक में प्रयागराज से आंवला भरकर प्रीतमपुरा जा रहे थे। देवगांव पहाड़ी पर इनकी गाड़ी पलट गई वाहन चालक और कडेंकटर ट्रक में अंदर फंसे हुए थे । इसी बीच पुलिस सहायता केंद्र में पदस्थ एएसआई विजेंद्र तिवारी थाना रीठी से हरदुआ वापस आ रहे थे। उन्होंने ट्रक पलटे देखा और ट्रक के ऊपर चढ़कर अंदर से दोनों फंसे लोगों को तत्काल अकेले ही बाहर निकाल कर फस्टेट किया। दोनों को तत्काल पानी पीलाकर सीने की मसाज पम्पिंग कि तथा मौके पर आयोडेक्स लगाया गया । जिले कि हरदुआ पुलिस कि सक्रियता के चलते उन दो व्यक्तियों की जान बची जो दो लोग एक्सीडेंट के कारण ट्रक के अंदर फंसे थे। जिन्हें सुरक्षित समय पर निकाल कर दोनों की जान बचाई गई, नहीं तो दोनों कि जान जा सकती थी। एएसआई की मानवीय सेवा की सराहना की जा रही है।

### पुतला दहन आज

**कटनी।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारना एवं इसका वीडियो बनाने वालों को देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। यह किसी व्यक्ति नहीं वरन भारत के प्रत्येक देशवासियों के अपमान है, जिसके विरोध में आज 21 दिसंबर गुरुवार को थाना तिराहे में दोपहर 2 बजे भारतीय जनता पार्टी पुतला दहन करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने उक्ताशय की जानकारी देते कहा कि टीएमसी के सांसद ने देश के संवैधानिक पद पर आसीन प्रत्येक व्यक्ति का अपमान किया उससे भी ज्यादा निंदनीय यह है कि टीएमसी सांसद के इस कृत्य को कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने मोबाइल पर रिकॉर्ड किया। इससे देश की छवि को आघात पहुंचा है।

---

फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त करना आवश्यक, 500 रूपये की दर से जुर्माना वसूलने का प्रावधान

# मैरिज गार्डनों, स्कूलों से लेकर होटलों में भी फायर सेफ्टी के नहीं है इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में संचालित मैरिज गार्डनों, विद्यालयों से लेकर होटल तक में फायर सेफ्टी प्रावधान का उल्लंघन किया जा रहा हे। नेशनल बिल्डिंग आने वाले भवनों मे अग्निशमन सुरक्षा उपायों को लागू करने तथा प्रावधान अनुसार उपकरणों की स्थापना करते हुये एवं फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त करना आवश्यक है। सभी संस्थाओं को पूर्व में समाचार पत्रों एवं सूचना के माध्यम से सूचित किया गया है। शासन के निर्देशों का पालन नहीं करने पर 500 रूपये की दर से राशि वसूली का प्रावधान किया गया है।

### शहर के इन संस्थानों में नहीं हो रहा नियमों का पालन

शहर की इन संस्थाऐं श्रीमति सुधा रांधेलिया राजपैलेस कृषि उपज मंडी कटनी, श्रीमति पूनम मलिक जलसा मैरिज गार्डन कृषि उपज मंडी कटनी, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम, कटंगा टी.व्ही.टावर के पास कटनी, जिला उद्योग



एवं व्यापार केन्द्र, कटनी, माखीजा पैलेस होटल स्टेशन रोड कटनी, पारस जैन कटनी डिग्री कालेज जगमोहन दास वार्ड कटनी, सत्यनारायण चौरसिया चौरसिया मैरिज गार्डन, रामकृष्ण परम हंस वार्ड, विष्णुवेद सरस्वती स्कूल, पंडित दीनदयाल उपाध्यायवार्ड, इंडियन काफी हाउस बरगवॉ, सलिल बाटला नंदन कानन मैरिज गार्डन, दुबे कालोनी कटनी, दीपक खम्परिया तुलसी बिहार मैरिज गार्डन, वार्ड क्रं 44, कटनी, श्रीमति किरण जैन शहनाई मैरिज गार्डन, कृषि उपज मंडी रोड कटनी, अशोक कुमार मोहनानी होटल टीजीएस झिंझरी, मुरलीधर पंजवानी अर्जुन पैलेस मैरिज गार्डन, वार्ड 44 कटनी, रामदास गुप्ता होटल वत्सल स्टेशन रोड कटनी, अरूण पल्टा बालाजी रिजेंसी बरही रोड कटनी, सुशील जैन होटल सूर्या, बस स्टेण्ड के पास कटनी, बारडोली महाविद्यालय कावसजी वार्ड कटनी, लाइम सिटी इंटरनेशनल स्कूल बिलहरी मोड के पास कटनी, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगमोहन दास वार्ड कटनी, कुंदन दास हायर सेकेन्ड्री स्कूल हेमूकालानी वार्ड कटनी, डायमंड इंग्लिस मीडियम हायर सेकेन्ड्री स्कूल माधवनगर कटनी, अनामिका एकेडमी स्कूल आचार्य विनोवा भावे वार्ड कटनी, सेक्रेट हार्ट सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल बस स्टेण्ड कटनी, नालंदा हायर सेकेन्ड्री स्कूल सिविल लाइन कटनी, शासकीय तिलक महाविद्यालय पं दीन दयाल वार्ड कटनी, शासकीय कन्या महाविद्यालय मिशन चौक कटनी, जय चडडा, लाला मथुरा दास शिक्षा समिति कटनी आर्टस एण्ड कामर्स कालेज, जगमोहन दास वार्ड कटनी, जेपीवी, डीएवी स्कूल बिरसा मुण्डा वार्ड कटनी, सिलिकोबाइट डिग्री कालेज जगमोहन दास वार्ड कटनी, वार्डस्ले सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल मिशन चौक कटनी, एसीसी डीएवी स्कूल एसीसी फैक्ट्री कटनी, दीपक भैरवानी ए टू मॉल, बरही रोड कटनी, मुकेश गुप्ता/राहुल गुप्ता विशाल मेगा मार्ट बरगवां कटनी, श्री रमेश शुक्ला होटल जीएसएस स्टेशन रोड कटनी, श्रीमति रूक्मणि गुप्ता ब्रजवासी होटल, सावरकर वार्ड कटनी, श्रीमति मंजू अग्रवाल दिव्यांचल मैरिज गार्डन, वार्ड 43 कटनी द्वारा निर्मित भवन में अग्निशमन उपकरणों की स्थापना कर ऑडिट सक्षम इंजीनियर से नहीं कराया गया, नगर निगम द्वारा सूचना दिये जाने के बाद भी संबंधितों द्वारा फायर प्लान एप्रूवल हेतु आवेदन एवं सूचना पत्र का जबाब प्रस्तुत नहीं किया गया है।

निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने अंतिम सूचना जारी करते हुये सभी संस्था प्रमुखों को तीन दिवस में उपरोक्तानुसार उपकरणों की स्थापना कर फायर ऑडिट रिपोर्ट, इलेक्ट्रिक ऑडिट रिपोर्ट सहित आवेदन प्रस्तुत करने तथा शासन निर्देशों का पालन न करने पर सभी संस्थाओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये है।

---

# कलेक्टर ने पर्यवेक्षक के विरूद्ध की विभागीय जांच संस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने आकस्मिक अवकाश एवं चिकित्सा अवकाश के आधार पर लंबे समय से अनुपस्थित महिला एवं बाल विकास परियोजना बहोरीबंद की पर्यवेक्षक स्वर्णिल भलावी का लापरवाही एवं स्वेच्छापूर्ण आचरण मानते हुए विभागीय जांच संस्थित करने के आदेश जारी किये हैं।

कलेक्टर द्वारा इस संबंध में जारी किये गये आदेश में सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेती को जांचकर्ता अधिकारी और बहोरीबंद के परियोजना अधिकारी सतीश पटेल को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है।

पर्यवेक्षक स्वर्णिल भलावी 15 फरवरी 2022 से आकस्मिक अवकाश एवं चिकित्सा अवकाश के आधार पर कार्य से अनुपस्थित हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने 21 फरवरी को पत्र जारी कर जिला मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये थे, किंतु श्रीमती भलावी न तो मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित हुई और न ही मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।

श्रीमती स्वर्णिल भलावी ने

### छुट्टी की अवधि बीत जाने के बाद भी कार्य में नहीं हुई उपस्थित

निजी हॉस्पिटल के लैटर पैड पर निजी चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाणपत्र 27 फरवरी को कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवेदन पत्र डाक से भेजा था, जिसमें डॉक्टर द्वारा 15 दिन के आराम की सलाह दी गई थी। किंतु अवधि बीत जाने के बाद भी न तो कोई अवकाश अवधि बढाने का आवेदन दिया गया और न ही वे कार्य पर उपस्थित हुई पर्यवेक्षक स्वर्णिल भलावी विधानसभा निर्वाचन में पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त थीं और प्रशिक्षण दिनांक 17 अक्टूबर को अनुपस्थित रहीं हैं।

### जारी किया था नोटिस

इसके लिए उनसे जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, जिसका अभी तक जवाब श्रीमती भलावी द्वारा नहीं दिया गया है। श्रीमती भलावी का लापरवाह एवं स्वेच्छाचारितापूर्ण आचरण मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियमों के प्रतिकूल मानते हुये इनके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई हैं।

---

बैठक आयोजित कर दी जानकारी, शहर में 6 रूट किये गए निर्धारित

# नियमों का पालन करने ई रिक्शा चालकों को दी गई हिदायत, आज से प्रारंभ होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात एवं आरटीओ के नियमों का पालन नहीं करने वाले ई रिक्शा चालकों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए यातायात विभाग ने तैयारी कर ली है। बुधवार को शहर में ई रिक्शा चालकों के साथ आरटीओ अधिकारी विमलेश गुप्ता एवं यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बैठक कर उन्हे नियमों का पालन करते हुए शहर के लिए निर्धारित 6 रूटों पर चलने की हिदायत दी। बैठक के दौरान आरटीओ अधिकारी श्री गुप्ता एवं यातायात थाना प्रभारी श्री पांडे ने सख्त रहे में ई रिक्शा चालकों को हिदायत देते हुए कहा कि सभी चालक यातायात एवं आरटीओ विभाग के नियमों को ध्यान में रखकर ही वाहन चलाएं और यदि नाबालिकों को वाहन चलाते पाया गया तो फिर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आरटीओ अधिकारी श्री गुप्ता एवं यातायात



थाना प्रभारी श्री पांडे ने बताया कि ई रिक्शा चालकों के लिए शहर में अलग-अलग छह रूट बनाए गए हैं। सभी रूटों को अलग-अलग कलर से चिन्हित किया गया है। ई रिक्शा संचालकों को रूट की जानकारी प्रदान कर दी गई है और रूट के हिसाब से किस कलर के स्टीकर उन्हें अपने वाहन में लगते हैं इसकी भी हिदायत दी जा चुकी है। बुधवार को चालकों को समझाइए दी गई है गुरूवार से कार्यवाही का सिलसिला प्रारंभ कर दिया जाएगा।

गौरतलब है कि शहर में इन दिनों ई रिक्शा चालकों की मनमानी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। ई रिक्शा चालक मनमानी पूर्वक वाहन चलाते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को काफी हद तक प्रभावित कर रहे हैं इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए अब ई रिक्शा चालकों पर शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बातचीत करते हुए कहा कि गुरूवार से ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्यवाही का सिलसिला प्रारंभ किया जाएगा। विशेष तौर पर नाबालिक वाहन चालकों एवं अपराधिक प्रवृत्ति वाले चालकों पर निगाह रखी जाएगी। सभी ई रिक्शा चालकों को लाइसेंस एवं वाहन के दस्तावेज साथ रखने की हिदायत दी गई है। यदि वाहनों में जांच के दौरान दस्तावेज नहीं पाए गए तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

---

## दर्जन भर पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बुधवार को जनपद पंचायत कटनी, विजयराघवगढ़, बड़वारा, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, रीठी, के कुल 12 ग्राम पंचायतों में पहुंची। जहां शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुये। यात्रा के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने ग्राम पंचायत करहिया नंबर 1 जनपद पंचायत रीठी में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया एवं पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ प्रदाय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

---

# नगर निगम क्षेत्र में 25 दिसम्बर तक दो पाली में लगाये जायेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये गये है जिसमें यात्रा का मुख्य उद्धेश्य भारत सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छता सुविधायें एलपीजी कनेक्शन आवश्यक वित्त सेवाऐ आवास सुरक्षा खाद्य सुरक्षा स्वास्थ्य सेवाऐं पूर्ण पोषण स्वच्छ पेयजल गुणवत्ता शिक्षा आदि प्रदान करना है।

नगर पालिक निगम कटनी सीमांतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन में संशोधन किया गया है अब 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक (प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 02 बजे से 05 बजे तक) किया जाएगा।

निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा नगर निगम से संबंधित संपूर्ण कार्यवाहियों के संपादन हेतु पवन कुमार अहिरवार उपायुक्त/नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शासन की प्रमुख महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम सीमांतर्गत 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक 09 स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जावेगा। 21 दिसम्बर को शासकीय स्कूल पहरूआ में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक बस स्टेण्ड आंडिटोरियम में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक 22 दिसम्बर को खिरहनी स्कूल के पास प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक तिलक कालेज के पास दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक 23 दिसम्बर को साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक सीएलपी स्कूल के सामने दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक 24 दिसम्बर को गोल बाजार में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक पुरानी पुलिस चौकी झिंझरी के पास दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक एवं 25 दिसम्बर को माधवनगर उपकार्यालय में 9 बजे से 12 बजे तक होगा। निगमायुक्त शुक्ल द्वारा उक्त कार्यक्रम में संलग्न सभी अधिकारी कर्मचारियों को सौंपी गई व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये है।

---

## महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा विभिन्न गतिविधियों का संचालन तथा प्रशिक्षणों के माध्यम से सक्षम बनाने का कार्य लगातार जारी हैं। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में तथा जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन शबाना बेगम, तथा आरसेटी के निदेशक पवन कुमार गुप्ता के प्रयास से विभिन्न विषयों में दक्षता हेतु प्रशिक्षणों का आयोजन किये जा रहे है।

आजीविका मिशन के सहयोग से आरसेटी कटनी द्वारा ऑफ कैम्पस ग्राम कोठी पंचायत कोठी

# मुर्गी पालन का दिया प्रशिक्षण, हितग्राहियों के यहां शेड निर्माण का कार्य होगा प्रांरभ



जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा जिला कटनी में दिनांक 11 दिसबंर से 20 दिसंबर तक 10 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । प्रशिक्षण का समापन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा यजुवेन्द्र कोरी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा डॉ0 अजीत सिंह की विशेष उपस्थिति तथा सरपंच ग्राम पंचायत कोठी सीताराम मरावी की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति मुख्य कार्यपालन अधिकारी ढीमरखेड़ा ने अपनी बात रखते हुये कहा कि प्रशिक्षित सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग करते हुये अपनी गतिविधियां प्रांरभ करें जिन सदस्यों के यहां अभी शेड नही बने है या बनने का कार्य प्रांरभ नही हुआ है उन सदस्यों के यहां भी पात्रता का परीक्षण कराते हुये शीघ्र ही शेडों का निर्माण प्रारंभ कराया जायेगा जिस कार्य हेतु पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक को जानकारी संकलित करने के जिम्मेदारी दी गई । एपीओ मनरेगा डॉ अजीत सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण में मनरेगा योजना से 100 दिन का रोजगार पूर्ण करने वाले परिवार का सदस्यों द्वारा ही प्रतिभाग किया गया है जो प्रोजेक्ट उन्नति परिवार कहलाते है। प्रशिक्षण की अवधि का भी पारिश्रमिक सभी प्रशिक्षणार्थियों को मनरेगा योजना के नियमानुसार उपलब्ध कराया जायेगा।

---

सीईओ ढीमरखेड़ा ने बिछुआ में लगाई चौपाल, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

# सात दिवस के अंदर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला प्रशासन के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा की आयोजनों के दौरान पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाए जाने का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। विकासखंड ढीमरखेड़ा के सुदूर आदिवासी ग्राम बिछुआ में कलेक्टर अवि प्रसाद और जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं को जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने अत्यंत तल्लीनता के साथ ध्यान पूर्वक सुना। ग्रामीणों द्वारा जल जीवन मिशन,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़क निर्माण ,वार्ड क्रमांक 7 एवं 8 में विद्युत आपूर्ति बंद होने सहित अन्य विषयों पर



आवेदनों का निराकरण करने के संबंध में संवाद किया गया। जनपद सीईओ ने ग्रामीणों की मांग पर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया।

सीईओ श्री कोरी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि एक माह बाद पुनः चौपाल लगाई जाकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण आपके सम्मुख प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायक को एक सप्ताह के अंदर हितग्राही मूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराए जाने हेतु कार्यवाही के निर्देश दिए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान इसी दौरान गौरा चौधरी द्वारा पिता की मृत्यु हो जाने के कारण आर्थिक कठिनाइयां आने से परिवार के भरण पोषण का मामला संज्ञान में आने पर जनपद के सीईओ श्री कोरी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत मेट का कार्य करने हेतु पंजीयन कराया। मेंट का दायित्व मिलने पर गौरा ने जनपद सीईओ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आभार जाता है आभार आभार जताते हुए कहा कि अब उन्हें आर्थिक कठिनाइयों से जूझने में सहायता मिलेगी। आर्थिक संबल मिलने से मैं अपने परिवार के प्रति और अधिक जिम्मेदारी से कर्तव्यों का निर्वहन कर सकूंगी। इस दौरान एपीओ मनरेगा अजीत सिंह, बीसी पीएमएवाय जी दीपक राहंगडाले, एकलव्य मरावी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

---

# मोबाइल लूट की वारदात के बाद जीआरपी ने शुरू की पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीवा-इंटर सिटी एक्सप्रेस में कटनी से जबलपुर की यात्रा कर रहे एक युवक से कटनी साउथ स्टेशन के पास मोबाइल लूटे जाने की वारदात के बाद जीआरपी ने रेलवे आउटरों में पेट्रोलिंग तेज कर दी है। लुटेरे के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। क्षेत्र के संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी की तलाश में जीआरपी की टीम लगातार दबिश दे रही हैं।

जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि 18 दिसंबर को एनकेजे क्षेत्र निवासी राजकुमार चैहान रीवा-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से कटनी से जबलपुर जा रहा था, इसी दौरान कटनी साउथ स्टेशन के आउटर के पास जब वह ट्रेन गेट में खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी एक बदमाश ने उसका मोबाइल छीनने का प्रयास किया। जिसके कारण राजकुमार चैहान ट्रेन के नीचे गिर गया।

बदमाश मोबाइल लेकर भाग गया और हादसे राजकुमार का एक पैर ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। जीआरपी ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। वारदात के बाद से जीआरपी ने रेलवे आउटरों में पेट्रोलिंग तेज कर दी है। यात्रियों को ट्रेन के दरवाजे में खड़े होकर या बैठकर यात्रा नहीं करने के लिए जागरुक भी किया जा रहा है। मोबाइल लूटने वाले बदमाश को पकड़ने के लिए जीआरपी की टीम दबिश भी दे रही है।

## खबर संक्षेप

### व्यय लेखा टीम का संशोधित आदेश जारी

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार महापौर एवं पार्षद पद के अभ्यर्थियों का निवार्ज़चन व्यय लेखा परिशिष्ट -36 एवं परिशिष्ट - 36 'क' में पार्षदों का निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों का अपना निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने का प्रावधान है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा आदेश जारी कर नगर निगम कटनी के वार्ड क्रमांक 9 एवं 36 के लिये व्यय लेखा तैयार कराये जाने हेतु पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए व्यय लेखा टीम नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी का गठन किया है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार नगर निगम कटनी के वार्ड क्रमांक 9 एवं 36 हेतु पार्षद अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय का लेखा जोखा रखने हेतु समन्वय अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी तथा नोडल अधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह परियोजना अधिकारी जिला पंचायत कटनी को नियुक्त किया है। व्यय लेखा टीम मे सहायक नोडल अधिकारी हेतु केशव प्रसाद परौहा सहायक लेखाधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा, राजेन्द्र पाण्डेय सहायक लेखाधिकारी जनपद पंचायत बड़वारा, नरेश राठौर लेखापाल एम.बी.एम, मत्येन्द्र सोनी लेखापाल जिला पंचायत कटनी तथा श्रीकांत तिवारी सहायक लेखापाल नगर निगम कटनी को नियुक्त किया गया है।

### खुले में मांस मछली विक्रय करने पर निगम ने की कार्यवाही

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार खुले में मांस मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाये जाने के आदेश पर नगर पालिक निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देशन में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं निगम टीम ने आज नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर खुले में मांस व मछलियों का विक्रय करने पर सख्त कार्यवाही की। गत दिवस मिशन चौक से 8 किलो मुर्गा जब्त कर नगर निगम कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा कार्यवाही की गयी जिसमें लगभग 08 किलोग्राम मुर्गा जप्त करते हुये विनष्टीकरण की कार्यवाही की गई।

### आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य को भी मिलेगा लाभ

**कटनी।** आयुष्मान योजना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा तथा ऊषा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाईजर, कोटवार और संविदा कर्मियों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ स्वीकृत किया गया है। आयुष्मान भारत निरामयम योजना में पूर्व में स्वीकृत पात्र श्रेणियों में इन नई श्रेणियों को भी शामिल किया गया है। इस आशय का आदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किया गया है। जिला चिकित्सालय कटनी में पदस्थ आयुष्मान भारत निरामय योजना के प्रभारी अधिकारी मिलन कुमार चटर्जी ने बताया कि आयुष्मान योजना में कुछ परिवारों को अपात्र भी घोषित किया गया है। जिसमें ऐसे परिवार जिसका कोई भी सदस्य गत तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष में आयकर दाता हो,ऐसे परिवार जिसका कोई भी सदस्य किसी अन्य शासकीय योजना से निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकता हो और ऐसापरिवार जिसका कोई भी सदस्य शासकीय कर्मचारी होने के साथ-साथ राज्य शासन अथवा केन्द्र शासन की किसी अन्य योजना अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने के पात्र हो शामिल होंगे।

### बजट की कोई कमी नहीं

**कटनी।** प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रम और विकास योजनाओं के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। सभी जनकल्याणकारी कार्यक्रम और विकास योजनाएं विधिवत जारी रहेंगी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास योजनाओं में कटौती या बंद होने की भ्रामक खबरें प्रसारित हो रही है जो पूर्णतः असत्य है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर योजनायें बंद होने संबंधी खबरें पूरी तरह भ्रामक एवं असत्य है।

## लोक सेवा केन्द्र पहुंचकर देखी व्यवस्थाएं, प्राप्त प्रकरणों की ली जानकारी

# 6.40 करोड़ से बन रहे संयुक्त तहसील भवन के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर ने मौके पर मौजूद परियोजना क्रियावयन ईकाई के परियोजन यंत्री डी.के. मिश्रा को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिये। संयुक्त तहसील भवन अत्याधिक सुविधा युक्त होगा। यहां एस.डी.एम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार कोर्ट सहित कर्मचारियों के बैठने के लिए हॉल, प्रसाधन आदि भी निर्माणाधीन हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिला पंजीयन कार्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया इस मौके पर जिला पंजीयक पंकज कोरी मौजूद रहे। कलेक्टर ने कार्यालय में मौजूद सभी प्रकार की पंजियों का निरीक्षण किया और कोर्ट केस से संबंधित मामलों की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने आर.आर.सी की वसूली और अभिलेखों का अद्यतन रिकार्ड संधारित करने की हिदायत दी।

### लोक सेवा केंद्र का जायजा

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले के लोक सेवा केंद्र ग्रामीण एवं शहरी का आकस्मिक रूप से निरीक्षण करते हुए यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने लोक सेवा केंद्र की व्यवस्था एवं राजस्व से संबंधित मामलों की बिंदुवार जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने केंद्र में आवेदन करने पहुंचे हितग्राहियों निशी प्यासी, पूजा वाधवानी, महक बजाज, अमरजीत सिंह से चर्चा की और नागरिकों की सुविधा हेतु केंद्र में फोटोकॉपी की व्यवस्था मुहैया कराने के निर्देश दिए।

लोक सेवा केंद्र ग्रामीण के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्राप्त कुल प्रकरणों की जानकारी ली तथा शहपुरा निवासी हितग्राही प्रहलाद चौधरी को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### फारेस्टर प्लेग्राउण्ड का निरीक्षण

कलेक्टर अवि प्रासद द्वारा बुधवार को फारेस्टर प्लेग्राउण्ड पहुंचकर खेल विभाग, जिला प्रतिष्ठान मद एवं परिसंपत्ति मद एवं विधायक निधि से फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में स्वीकृत कार्य मल्टीपरपस इंडोर हॉल, हांकी खेल मैदान की स्टेयर की जानकारी, पवेलियन निर्माण सहित मल्टीलेबल पार्किंग आदि के निर्माणाधीन कार्यो की जानकारी लेकर निर्माणाधीन स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नजरी नक्शे का अवलोकन कर निर्माणाधीन स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा ओपन जिम हेतु जमीन की उपलब्धता एव सीढ़ियों के निर्माण स्थल की भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान चौपाटी की तरफ से 10-10 मीटर की भूमि प्राप्त नहीं होने की जानकारी प्रदान की गई।

इस दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री हरी सिंह सहित जिला खेल अधिकारी विजय भार एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की व्यवस्थाओं के संबंध में मंगलवार को आयुक्त कक्ष में अंतिम बैठक आयोजित की।

आयुक्त ने बैठक में कहा कि शासन के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक दो पाली में होना सुनिश्चित की गयी है। बैठक के दौरान निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम शिविरों में टेंट शामियाना शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजना शिविरों में सभी योजनाओं के काउन्टर लगाये जाने पेयजल व्यवस्था साफ-सफाई व्यवस्था चूने की लाइनिंग कराने कीट नाशक दवा का छिड़काव कराने फ्लेक्स बैनर शिविर हेतु कम्प्यूटर प्रिंटर इंटरनेट स्टेशनरी सामग्री स्वल्पाहार आयुष्मान भारत संबल योजना पेंशन योजना पीएम स्वनिधि योजना शिविर यात्रा की प्रतिदिन फोटोग्राफी वीडियोग्राफी पीएम आवास योजना नवीन नल कनेक्शन एवं सभी विभिन्न योजनाओं के फार्म वितरण आदि व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यवस्थाऐ समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

बैठक में उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहायक यंत्री आदेश जैन सुनील सिंह अनिल जायसवाल स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद प्यासी कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटेल आदि की उपस्थिति रही।

**मिशन फायनल 30 की तैयारियों पर दिया जोर**

# कलेक्टर ने खराब परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों की समीक्षा, सुधारने किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने खराब बोर्ड परीक्षा के परिणामों वाले प्राचार्यो और शिक्षकों से कहा कि हर बीते दिन के साथ परीक्षा की तैयारियों की लिए समय कम होता जा रहा है। इसलिए छात्रों के साथ - साथ शिक्षकों को भी अब अधिक मेहनत करने की जरूरत है। विशेषकर अंग्रेजी जैसे विषय जिनमें पिछले साल के अनुभव के आधार पर छात्रों के परीक्षा परिणाम बिगडे थे उसमें विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को खराब परीक्षा परिणाम वाले न प्राचार्यो और शिक्षकों से वन-टू-वन चर्चा की अध्ययन और अध्यापन से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली और प्राचार्यो को निर्देशित किया कि स्वयं स्कूल बंद होने के पहले सभी विषय शिक्षकों से संवाद कर हर दिन की प्रगति का जायजा लें। मिशन -45 के तहत आधार बुकलेट और मिशन फायनल -30 के प्रश्नपत्रों के प्रतिदिन के छात्रों से हल कराने की प्रगति की भी समीक्षा की।

उन्होंने शिक्षकों और प्राचार्यो को प्रेरित और प्रोत्साहित करते हुए कहा कि परीक्षा के लिए कम बचे समय का बेहतर इस्तेमाल कर छात्रों के परिणाम को सुधारने मे सभी जुट जाएं।

### प्राचार्य और शिक्षक रहे मौजूद

बैठक में सहायक संचालक राजेश अग्रहरी, बी.ई.ओ एवं नोडल अधिकारी परीक्षा अनिल चक्रवर्ती, अभय जैन रमसा एवं बी.आर.सी विकेक दुबे सहित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद, रीठी, विजयराघवगढ सहित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही, हथकुरी, खिरवाटोला सहित शासकीय हाई स्कूल गोहावल , देवरीमंगेला एवं कुआं के प्राचार्य एवं शिक्षक मौजूद रहे।

## एसएचजी समूह का गठन कर कराई जा रही ग्रेडिंग



स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत पांच सप्ताह तक जारी क्लीन टॉयलेट्स अभियान में निकाय स्थित सभी शौचालयों की सुविधा व व्यवस्था हेतु निरिक्षण के लिए एस. एच. जी. समूह का गठन कर ग्रेडिंग कराई जा रही हैं एवं साथ ही शौचालयों में सभी व्यवस्थाओ को सदृण किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत विगत दिनों में नगर निगम द्वारा गठित स्वसहायता समूहों ने मसूहरा घाट स्थित शौचालय एवं बर्गवा स्थित मॉडल शौचालय में ग्रेडिंग की गयी जिसमे वंशिका स्व सहायता समूह व गजानन स्वसहायता समूह के सदस्य व निगम अधिकारी टीम लीडर सुरेन्द्र पाण्डेय उपस्थित रहे।

# विकसित भारत 2047 एवं माई भारत पोर्टल से संबंधित दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 एवं माई भारत पोर्टल से संबंधित जानकारी एवं प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 का उद्देश्य आजादी के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह दृष्टिकोण आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलुओं एवं विचारों से विद्यार्थियों को अवगत कराने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ अरविंद सिंह द्वारा माय भारत पोर्टल पर पंजीयन से संबंधित विभिन्न आवश्यक जानकारियां दी गई उसके पश्चात विकसित भारत 2047 से संबंधित पोर्टल की जानकारी से अवगत कराया गया साथ ही सशक्त भारतीय, संपन्न एवं सुदृड अर्थव्यवस्था, नवप्रवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सुशासन एवं सुरक्षा तथा विश्व में भारत आदि विषयों पर प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी, डॉ अरविंद सिंह, डॉ के के विश्वकर्मा, ऋषभ त्रिपाठी आदि प्राध्यापकों द्वारा जानकारी दी गई और विद्यार्थियों के विचारों को सुनकर विकसित भारत 2047 से संबंधित परिचर्चा की गई। डॉ अरविंद सिंह ने बताया कि उपरोक्त विषयों पर अपने विचारों को पोर्टल पर अपलोड करने पर उत्कृष्ट एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरुस्कृत किया जायेगा।

**धार्मिक सहित अन्य स्थलों की जांच कर होगी कार्यवाही**

# ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों पर कार्यवाही हेतु तहसीलवार उडनदस्ता दल का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अवि प्रसाद द्वारा एक आदेश जारी कर जिले के समस्त धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों लाउडस्पीकर, डी.जे. एवं संबोधन प्रणाली से ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिकायतें प्राप्त होने पर त्वरित जांच कर कार्यवाही निष्पादित करने हेतु अपने-अपने क्षेत्राधिकारिता अंतर्गत तहसीलवार उडनदस्तों का गठन किया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार तहसील कटनी शहरी, ग्रामीण, बड़वारा, रीठी, विजराघवगढ़, बरही, स्लीमनाबाद, बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा अंतर्गत गठित दल में तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को दल प्रभारी नियुक्त किया जाकर संबंधित थाना प्रभारी एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नामित अधिकारी श्री आर .पी.शुक्ला लैब प्रभारी को ध्वनि प्रदूषण के संबंध मे शिकायतें प्राप्त होने पर उक्त की त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उपरोक्त गठित उडनदस्तों को निर्धारित उपकरणों के साथ ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग होने वाले धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों का औचक निरीक्षण करनें के साथ ही प्राप्त शिकायतों की आकस्मिक जांच करते हुए नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।उड़नदस्तों द्वारा जांच के निर्देश प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर अधिकतम 03 दिवसों के अंदर समुचित जांच प्रतिवेदन संबंधित अनुविभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है।

जिले के गठित समस्त उडनदस्तों का नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, कटनी को नामित किया जाकर समस्त उडनदस्तों को अपनी औचक जांचों की रिपोर्ट सबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी उपरोक्त जांच रिपोर्ट पर कार्यवाही कर उसकी मासिक जानकारी नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कटनी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

उड़नदस्ता दलों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे धर्म स्थलों की थानावार सूची बनाये जहां उक्त नियमों आदेशों का अनुपालन नहीं होना पाया गया है। संबंधित क्षेत्रों के अनुविभागीय दण्डाधिकारी गठित उडनदस्तों से प्राप्त अवैध लाउडस्पीकरों की सूची अनुसार उन्हें हटवानें की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें। अनुविभागीय दण्डाधिकारी उडनदस्तों से जांच रिपोर्ट, प्रतिवेदन प्राप्त होने पर म.प्र.शासन, गृह (सी-अनुभाग) विभाग, वल्लभ भवन, मंत्रालय भोपाल के दिशा निर्देशानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हे।

प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने का दायित्व का पालन न करने के कारण किसी धार्मिक स्थल, सार्वजनिक स्थल अथवा कार्यकम में नियम विरुद्ध ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउडस्पीकर, डी. जे. प्रयोग में लाया गया हो तो जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध यथोचित अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## ग्रामीणों से संवाद कर सुनी समस्याएं, निराकरण करने दिए निर्देश

# बंजारी शाला बंद पाई जाने पर शिक्षक पर कार्यवाही के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



राज्य शासन और जिला प्रशासन के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्राओं के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में विविध प्रकार के विभागों के स्टॉल लगाया जाकर ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निदान हेतु आवेदनों पर कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने विकासखंड रीठी के ग्राम करहैया एक पहुंच कर विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया।

### पात्र हितग्राही लाभ से न हो वंचित

सीईओ श्री गेमावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें शत प्रतिशत लाभान्वित कराएं। कोई भी पात्र हितग्राही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे इस बात पर विशेष फोकस करें।

### परेशानी सुन निराकरण के निर्देश

संकल्प यात्रा के दौरान लुजिया बाई चौधरी और भगवत यादव ने खाद्यान्न प्राप्त नहीं होने और विकलांगता प्रमाण पत्र नहीं बन पाने के संबंध में सीईओ श्री गेमावत के सामने अपनी परेशानी बया की। मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला सीईओ ने निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।

### आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता से

सीईओ श्री गेमावत ने पात्रता रखने वाले नागरिकों के आयुष्मान कार्ड और हेल्थ कार्ड प्राथमिकता से बनाए जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। इस दौरान सीईओ ने बीपी डायबिटीज और अन्य परिवार की बीमारियों का स्वास्थ्य परीक्षण सहजता से करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा संक्रमित हुए नागरिकों की जानकारी ली गई और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने राजस्व विभाग से नामांतरण फोती, सामाजिक न्याय से पेंशन प्रकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति, एनआरएलएम की महिलाओं से शालाओं में बच्चों को प्रदाय किए जाने वाले मध्यान्ह भोजन को गुणवत्ता पूर्ण और पौष्टिक उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।

### छात्रों और शिक्षकों से किया शैक्षणिक संवाद

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय खिरहनी, जुहला, मझगवा और बंजारी पहुंचकर छात्रों और शिक्षकों से शैक्षिक संवाद किया। एफएलएन और अंकुर की कक्षाओं का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों के विषय में जानकारी ली। बंजारी शाला में शाला बंद पाई जाने शिक्षक और छात्रों के अनुपस्थित रहने पर प्रद्युम्नदत्त तिवारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आर के अठया, जिला शिक्षा परियोजना समन्वय के के डेहरिया, जनपद सीईओ चंदूलाल पनिका, सहायक परियोजना अधिकारी मृगेंद्र सिंह, एपीओ मनरेगा भागीरथ एवं अन्य की मौजूदगी रही।

# भवनों के निर्माण में विलंब पर कार्यवाही हेतु लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन सिलौडी तथा 'जी' एवं 'एच' टाईप आवासीय भवनों के निर्माण कार्य इतने विलंब के बाद भी कार्य पूर्ण न होने तथा लोगों द्वारा कार्य की शिकायत करने एवं नोटिस की कार्यवाही पश्चात भी ठेकेदार द्वारा समय वृद्धि की मांग करने से विभाग एवं प्रशासन की छवि धूमिल होनें पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संभागीय कार्यपालन यंत्री को प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही करने हेतु पत्र प्रेषित किया है।

विदित हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विगत 06 दिसंबर को भ्रमण के दौरान ग्राम सिलौडी में निर्मणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन तथा जी एवं एच टाईप आवासीय भवनों के निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान उपस्थित लोगों द्वारा पीएचसी सिलौडी भवन तीन साल में भी पूरा नही बन पाने कि शिकायत किये जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी को प्राथ.स्वा. केन्द्र भवन तथा 1जी एवं 1एच टाईप आवासीय भवन निर्माण को रिव्यू में लिये जाने के निर्देश दिये गये थे।

कलेक्टर श्री प्रसाद के निदेश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यपालन यंत्री, नेशनल हेल्थ मिशन संभाग जबलपुर के पत्र द्वारा एस.के. पाण्डेय (ठेकेदार) को नोटिस देकर जवाब चाहा गया। श्री एस. के. पाण्डेय (ठेकेदार) द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत कर प्रथम एवं द्वितीय विंग लगभग 2-2 माह पश्चात भुगतान होने एवं बरसात की अधिकता के कारण निर्माण कार्य नहीं किया जा सका, साथ ही रेत की उपलब्धता नहीं होने के कारण कार्य पूरा नही करानें का निवेदन किया है।

## खबर संक्षेप

### व्यय प्रेक्षक की अभ्यर्थियों के साथ बैठक 29 दिसम्बर को

**पन्ना।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 26वें दिन शुक्रवार, 29 दिसम्बर को सभी अभ्यर्थियों के साथ लेखा समाधान बैठक करेंगे। व्यय प्रेक्षक एक दिवस पूर्व पन्ना पहुंचेगे। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया को प्रेक्षक की संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए संपर्क अधिकारी बनाया गया है।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसम्बर को

**पन्ना।** आगामी 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर कलेक्टर कार्यालय के सभागार में सुबह 10.30 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों, पत्रकारगण, उपभोक्ता संरक्षण से जुड़े सभी संगठन, उपभोक्ताओं और नगरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज का भ्रमण कार्यक्रम

**पन्ना।** जिले में गुरूवार, 21 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा विभिन्न विकासखंडों के ग्राम पंचायत क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रमखिरिया, गहरा और भसूड़ा में यात्रा का भ्रमण होगा। इसी तरह विकसित भारत संकल्प यात्रा अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हरदी और सिद्धपुर, विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हरदुआ पटेल और बम्हौरी में पहुंचेगी।

## श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से बह रही धर्म की गंगा

# कथा सुनने के साथ जीवन में उतारना भी जरूरी -पं केशव देव जी महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

ग्राम दादपुर के सरदार पटैल खेल परिसर में आयोजित सप्त दिवसीय संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस वृन्द्रावन धाम से पधारे कथावाचक पं.केशव देव जी महाराज ने बताया कि धर्म का किसी व्यक्ति विशेष या स्थान से कोई संबंध नहीं है जो व्यक्ति असुविधा अपनी ओर रखकर सुविधा समाज के लिए रखता है। वही धर्म का वास्तविक प्रचारक है। स्वयं को धार्मिक कहना और उसे धार्मिकता में डूब के रहना दोनों अलग विषय हैं। कथा का वाचन करते हुए शास्त्री महाराज ने कहा की कथा को केवल सुनने से ही भला नहीं होने वाला, इसको जीवन में उतरने से सांसारिक मार्ग में आने वाली कठिनाइयां दूर हो जाती हैं और मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है। उन्होंने दान की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान विष्णु वामन अवतार लेकर जब राजा बलि के यहां आए तो उन्होंने ब्राह्मण बालक पर सर्वस्व निछावर कर दिया। श्री राम जानकी कथा का श्रवण करते हुए कहा कि आज हमको राम बनने की आवश्यकता है। क्योंकि गली-गली में रावण पैदा हो गए हैं। श्री कृष्ण जन्म की कथा का श्रवण करते हुए । उन्होंने कहा कि कंस की अत्याचार से तीनों लोक तरह-तरह ही करवटें तो भगवान विष्णु ने श्री कृष्ण के रूप में अवतार लिया। कंस अपनी बहन देवकी की शादी वासुदेव से धूमधाम से करने के बाद जब उन्हें छोड़ने जा रहा था तभी भविष्यवाणी सुनकर उसकी सारी खुशी काफूर हो गई। उसने वासुदेव के अनुनय विनय के बाद दोनों को कारागार में डाल दिया और एक-एक कर उनके छह बच्चों को मौत के घाट उतार दिया। जब भगवान कृष्ण ने आधी रात को अवतार लिया तो सारे पहरेदार गहरी निद्रा में सोए हुए थे और हथकड़ियां व कारागार के ताले अपने आप खुल गए। वासुदेव कृष्ण को टोकरी में रखकर गोकुल में छोड़ आए और वहां से माया रुपी बालिका को अपने साथ ले आए। इधर जब कंस न बच्चे के रोने की आवाज सोनी तो कारागार की तरफ दौड़ पड़ा उनके हाथों से छीन कर जैसे ही उसने माया को जमीन पर पटकने का प्रयास किया तो वह उसके हाथ से छूटकर आकाश में चली गई और कहा कि तुझे मारने बाला गोकुल में जन्म ले चुका है। कथा के दौरान कृष्ण जन्म की झांकी देख श्रोता आनंद में झूम उठे। कथा श्रवण करने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटैल डां.रामगोपाल सोनी अमृत सिंह गोपाल पटैल रणधीर दाहिया दिनेश पटैल मनोज चौरसिया थाना प्रभारी गैसाबाद विकास सिंह चौहान नोहटा थाना प्रभारी अरविन्द सिंह सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## संसार में मित्रता हो तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह



बनवार। ग्राम में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में भागवत कथा के सातवें दिन कथा वाचक बाल व्यास ऋषिकांत गर्ग महाराज ने सुदामा चरित्र का प्रसंग का वर्णन किया। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि संसार में मित्रता श्री कृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। सुदामा के आने की खबर मिलने पर श्रीकृष्ण दौड़ते हुए दरवाजे तक गए थे। पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल से पग धोए, अर्थात श्री कृष्ण अपने बाल सखा सुदामा के आगमन पर उनके पैर धोने के लिए पानी मंगवाया, परन्तु सुदामा की दुर्दशा को देखकर इतना दुख हुआ है कि प्रभु के आंसुओं से ही सुदामा के पैर धुल गए। आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक-दूसरे के साथ मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर वे भूल जाते है। जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए। भगवान से बनाया गया रिश्ता जीव को मोक्ष की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि स्वाभिमानी सुदामा ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सखा कृष्ण का चिंतन और स्मरण नहीं छोड़ा। इसके फलस्वरूप कृष्ण ने भी सुदामा को परम पद प्रदान किया।

### कथावाचक ने सुदामा के चरित्र की सप्रसंग व्याख्या की

सुदामा चरित्र की कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। बताया कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

कथा सुनने आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजकों ने बताया कि भागवत कथा सुनने यहां दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं और भागवत कथा सुनकर उसे अपने जीवन में उतारने का संकल्प ले रहे हैं। भागवत कथा शुरू होने के पूर्व से ही भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो जाती है। गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से यहां का माहौल भक्तिमय बन गया है। आयोजक परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ भव्य धार्मिक आयोजन मैं शामिल हुए सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# वर्षों बीत गए पर नगर के विकास की गति धीमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विधानसभा क्षेत्र में एक मात्र नगर परिषद है फिर भी विकास की गति उस गति से नही जैसी होनी चाहिए। यही कारण है कि इसके बाद बनी नगर परिषद विकास की राह में अग्रसर होती जा रही है लेकिन यहां अभी भी माडल के रूप में कुछ नही दिखता। एक तरफ हर गांव कस्बा विकास की राह में अग्रसर होते जा रहे हैं। वही नगरीय निकाय होने के बाद नगर के विकास की बात करें तो हर कही एक ही चर्चा होती है कि वैसे तो पथरिया की राजनीति दिल्ली तक की बात सुनते आयें है पर हकीकत में कुछ और है। नगरीय निकाय क्षेत्र बनें करीब 25-26 वर्ष होने को है लेकिन आज भी अन्य नगर परिषद से तुलना करें तो आज विकास की गति धीमी लगती है। नगर के हृदय स्थल कहें जाने वाले संजय चौराहे पर चहुंओर दुकान बनी है लेकिन सार्वजनिक मूत्रालय कहीं नही, महिलाओं की बात दूर पुरूषों के लिए सोचना पड़ता कि आखिर कहां जायें जिससे दुकानदारों को दुकान छोड़कर और कहीं जाना पड़ता है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा है कि नगर विकास पर भी ध्यान दिया जाए ताकि नगर विकास में अग्रसर दिखें। ऐसी जनापेक्षा है।

# आपसी सहमति से मंदिर मस्जिदों से धर्मगुरुओं ने उतारे लाउड-स्पीकर

**हटा।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर धार्मिक एवं अन्य स्थलों पर लाउडस्पीकर डीजे सहित ध्वनि विस्तारक यंत्रों की उपयोग और ध्वनि सीमा स्टार के संबंध में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का जनसंवाद आपसी समन्वय और समन्वय के साथ नगर में पालन किए जाने हेतु विगत दिनों एसडीएम एसडीओपी थाना प्रभारी की उपस्थिति में नगर के धर्मगुरुओं के साथ बैठक आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम ध्वनि प्रदूषण नियम के प्रावधानों तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज-समय पर जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए जन संवाद आपसी समन्वय और सहमति से धार्मिक स्थलों पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों को निर्धारित तीव्रता में उपयोग करने का निर्णय लिया गया था। इसके परिणाम स्वरूप नगर में धर्मगुरुओं द्वारा स्वयं पहल करते हुए थाना प्रभारी मनीष मिश्रा साहित्य गठित उड़ान दस्तक दल की मौजूदगी में मंदिर मस्जिदों पर ध्वनि विस्तार के यंत्रों लाउडस्पीकर को स्वयं निकालकर शासन के नियमों का पालन किया गया। जिसमें मंदिर मस्जिद चौराहे पर स्थित जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद, मदार छल्ला मस्जिद, कटरा मस्जिद के साथ चंडी जी मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ, देवश्री गौरीशंकर मंदिर के अलावा नगर के समस्त मंदिरों के प्रमुखों द्वारा लाउड स्पीकर निकालकर शासन की गाइडलाइन का पालन किए जाने का संदेश दिया।

# कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन




**दमोह।** धर्म नगरी की उपमा से अलंकृत फुटेरा ग्राम मे आचार्य प्रवर श्री मद जिन तारण तरण मन्ड्लाचार्य जी महाराज की 575वी जन्म जयंती हर्षोल्लाश के साथ मनाई गई। तीन दिवसीय चलने वाले आयोजन मे श्री जिनवाणी जी अस्थाप के साथ महोत्सव प्रारम्भ हुआ। पण्डित सुनील जी भिलाई दुआरा प्रवचन श्रंखला आयोजित हुई। कार्यक्रम के दुसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम मे कवि सम्मेलन का आयोजन बुंदेली कवि भूपेंद्र जैन के संचालन मे हुआ। जिसमे हास्य के प्रसिद्धकवि बी एम दुबे दमोह, बुंदेली पुत्र गणेश राय दमोह की रचनाओ ने कवि सम्मेलन को उचाईयों तक पहुचाया, साथ ही बाल कवि मौसम मासूम, चेतन जैन फुटेरा, संयम यारा इंदौर, सजल जैन फुटेरा, लख्मी चंद बटियागढ, श्रीमति आराधना राय की काव्य रचनाओ ने श्रोताओ का खूब मनोरंजन किया। समाज अध्यक्ष सेठ निर्मल जैन सहित समस्त पदाधिकारियो ने आमंत्रित कवियो का शाल श्री फल से सम्मानित किया। युवा परिसद अध्यक्ष अल्पेश पान्डे ने कवियो का आभार वयक्त किया, महोत्सव के अन्तिम दिन तिलक महोत्सव संपन्न हुआ,इसके पस्च्यात जिनवाणी जी पालकी सोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई बाजार प्रांगण पहुची। जहां पर देश भर से आये हुये श्रद्धालु जनों को बाल ब्रह,विंद दीदी समय श्री एवं अर्चना दीदी। पंडित सुनील जी द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन पंडित विजय मोही, पंडित जयकुमार, पंडित निर्मल जैन के द्वारा किया गया। उक्त तीन दिवसीय आयोजन नगर मे लगातार 25 वर्षो से अनवरत जारी है।

# अयोध्या से आए अक्षत के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ



बटियागढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलखेड़ी में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या से भिजवाए गए पीतांबर रंग के अक्षत (चावल) के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इसका आयोजन बजरंग दल के तत्वावधान एवं गांव के सभी धार्मिक सामाजिक संगठन एवं सनातन समाज द्वारा किया गया। आज की शोभायात्रा में विशेष तौर राकेश उदेनिया, शिवांस उदेनिया ने नारियल फोड़ कर यात्रा का शुभारंभ किया। इससे पहले गांव के ही प्राचीन और प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। इसके बाद अक्षत दर्शन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसके अंतर्गत शोभा यात्रा पूरे ग्राम के विभिन्न मुख्य मार्गों से निकाली गई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर अक्षत यात्रा का स्वागत किया गया। सैंकड़ों लोगों ने पवित्र अक्षत के दर्शन करके धर्म लाभ कमाने का काम किया। ग्राम के ही पं. हरि श्रीधर ने बताया कि यह पूजित अक्षत श्री राम जन्मभूमि से आए हैं, इस समय पूरे देश एवं पूरी दुनिया में यह जो पूजित अक्षत भिजवाए गए हैं। उनके अनुसार जिस दिन 22 जनवरी को श्री राम लला गर्भ गृह में विराजमान होंगे, यह अक्षत हम भगवान को समर्पित करेंगे। इससे पहले इसे सभी सनातन धर्मी अपने घर में, अपने आसपास के देवालय शिवालय में जाकर हवन यज्ञ, हनुमान चालीसा, श्री राम स्तुति सत्संग, सुंदरकांड एवं अन्य पूजा अर्चना करके अपनी श्रद्धा और भावना इससे जोड़ेंगे। यात्रा का समापन श्री हनुमान मंदिर में अटूट प्रसाद भंडारे के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजकुमार उदेनिया, सोबरन सिंह उपसरपंच, हाकम सिंह, पंचम सिंह, राममिलन उदेनिया, अमोल सिंह, चतर्भुज पटेल, सचिन देवलिया, ब्रजेश देवलिया, हेमंत उदेनिया, बिहारी देवलिया, नरेन्द्र करोलिया, प्रमोद करोलिया, आशाराम देवलिया, कमल देवलिया, रामू उदेनिया, दिलीप उदेनिया आदि की उपस्थिति रही।

### 30 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का हुआ शुभारंभ

**दमोह।** शासकीय ज्ञानचंद श्रीवास्तव महाविद्यालय के सभागार में उन्नति फाउंडेशन बेंगलौर और स्वामी विवेकानन्द केरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। उन्नति फाउंडेशन द्वारा आज 21 दिसम्बर से तीस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें स्पोकन इंग्लिश, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और कॉरपोरेट सेक्टर कल्चर की तैयारी कराई जायेगी साथ ही सफल विद्यार्थियों का प्लेसमेंट भी कराया जाएगा। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ के पी अहिरवार, उन्नति फाउंडेशन के प्रतिनिधि आकिब अली, डॉ. के.के. कोरी, डॉ. नेहा जैन, डॉ. जितेंद्र चौधरी, डॉ. एकता मसीह, डॉ. एम.एम. महंत, सरिता सोनी सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### कोरोना के नये वैरिएंट जे.एन.वन. को लेकर नियंत्रण व प्रबंधन को लेकर गाईड लाईन की जारी


**पन्ना।** कोरोना को लेकर बीते समय की याद एक बार फिर सचेत करने के लिए समय से जिम्मेदारी का निर्वाहन सुनिश्चित दिशा को लेकर केन्द्र सरकार ने नये कोरोना वैरिएंट जे.एन.वन. के नियंत्रण के लिए गाईड लाईन राज्य सरकारों को जारी की है जिससे जिला स्तर पर सार्वजनिक एवं निजी स्वास्थ्य सुविधाओं की सक्रिय भागीदारी तैयारियों को लेकर सुनिश्चित हो वहीं आने वाले त्यौहारों को देखते हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर बीमारी के बढ़ने के जोखिम को कम करने को लेकर जहां जिलेवार निगरानी की जाये जिसमें नियमित आधार पर स्वास्थ सूचना मंच पोर्टल सहित सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वासन संक्रमण मामलों की जिलेवार निगरानी की जाये। कोबिड 19 नियंत्रण को लेकर आर.टी.पी.आर. और एन.टी.जन की संख्या बढ़ाई जाये।

# हितग्राहियों को बताए समाजकार्य के उद्देश्य



**पथरिया।** विकासखंड पथरिया के ग्राम पंचायत किशुनगंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन में किशुनगंज सेक्टर में संचालित नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति से सेक्टर प्रभारी घनश्याम पटेल की उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग दमोह, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पथरिया, महिला एवं बाल विकास परियोजना पथरिया, कृषि विज्ञान केंद्र दमोह, मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा किशुनगंज, आशा कार्यकर्ता, सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारीयों की उपस्थिति रही। ग्राम के लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के बारे में बताया साथ ही क्रमशः सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इसी क्रम में सेक्टर प्रभारी घनश्याम पटेल ने जन अभियान परिषद के बारे में लोगों को बताया साथ ही प्रस्फुटन नवांकुर योजना के उद्देश्य बताएं जन अभियान परिषद द्वारा संचालित सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के बारे में बताया और बताया की जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामों में गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां उनके सदस्यों द्वारा मध्यप्रदेश शासन एवं केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्राम में प्रचार प्रसार करते हैं। इस अवसर पर नवांकुर संस्था से अध्यक्ष घनश्याम पटेल, हाकम अहिरवार, बसंत पटेल, मुकुल दुबे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से सुमन गुप्ता, मुकेश पाण्डेय, हरिशंकर शुक्ला सहित सदस्यों की उपस्थिति रही।

# नपा ने सख्ती से दी समझाइश



**हटा।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर हटा नगर में सड़कों और धार्मिक स्थलों के आसपास मांस अंडा की दुकान लगाने वालों के साथ-साथ खुले में नॉनवेज विक्रय करने वालों की कुंडली नगर पालिका ने न सिर्फ तैयार कर ली है बल्कि संबंधितों के ठिकानों पर पहुंचकर उन्हें सुधार करने की हिदायत भी दी गई। एसडीएम रीता डेहरिया के नेतृत्व में तहसीलदार प्रवीण कुमार त्रिपाठी थाना प्रभारी मनीष मिश्रा व नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे की संयुक्त टीम ने बुधवार को शहर के विभिन्न स्थलों एवं घरों से बेच रहे मांस विक्रेताओं के यहां पर पहुंचकर खुले में बिक रहे नॉनवेज को हटाने के निर्देश देते हुए उन्हें नगर पालिका के पीछे स्थित मछली मार्केट में दुकानें लगाए जाने तथा दुकानों को कवर्ड करने के भी निर्देश दिए। सीएमओ तहसीलदार ने स्पष्ट कह दिया कि अब सड़कों पर नॉनवेज खाने का चलन बंद करना ही पड़ेगा जिन्हें नॉनवेज खाना और खिलाना है भी दुकानों के भीतर ऐसी व्यवस्था करें जिससे बाहर से यह नॉनवेज की दुकान दिखाई ना पड़े। इस दौरान कम और राजेंद्र खरे ने समिति के पास पुराने मछली मार्केट के पास मछली अंडा मुर्गा बेचने वालो दुकानदारों से अपनी दुकान तत्काल हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि अगर कल यहां दुकान लगी मिली तो आपके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी। इस दौरान उन्होंने नगर के अन्य जगहों पर अंडा की दुकानों को भी अदब के दायरे में लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि दुकान की बहार काले शीशे लगाए जाएं ताकि बाहर वालों को भीतर हो रही दुकानदारी दिखाई न दे।

# शिविर में लाभान्वित हुए ग्रामीण




**दमोह ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा हटा ब्लाक की ग्राम पंचायत मादो में पँहुची। यंहा स्कूल और ग्राम पंचायत के संयुक्त परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में कमलेश चौदह, प्रदीप गुप्ता, डॉं रामगोपाल सोनी, अभिषेक जैन, केलाश अग्रवाल, अंबिका प्रसाद कुड़ेरिया ने दीप प्रज्वलन सरस्वती पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना, आकर्षक सांस्क्रतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। शिविर में पँचायत, राजस्व, बिजली, महिला बाल विकास, पशु चिकित्सा, कृषि विभाग, पी एच ई विभाग, सिंचाई, शिक्षा विभाग, जनपद पंचायत, लोक स्वास्थ्य सहित अन्य सभी विभागों के स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को मौके पर लाभान्वित किया गया। इन स्टालों पर लोगो ने पंहुचकर विभिन्न जानकारियां लेकर कई योजनाओं का लाभ भी लिया। शिविर में उज्जवला योजना के स्टॉल पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने पंजीयन और ई के वाय सी कराई। इसी प्रकार कई बुजुर्गों ने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर पंहुचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसी प्रकार जनपद पंचायत के पंचायत इंस्पेक्टर राजेश पराशर ने जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां मंच से ग्रामीणों को दी। महिला बाल विकास से पर्यवेक्षक मिनी अर्पिता नाथन ने लाडली लक्ष्मी योजना, लाडली बहिना योजना सहित कई योजनाओं की जानकारी और आवेदन आदि प्रक्रिया को बताया। जे ई महेंद्र राय द्वारा विजली कर्मचारियों के अमले के साथ ग्रामीणों से चर्चा कर विभागकी योजनाओं की जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने भी सब पढ़े,सब बढ़े,छात्रवृत्ति, साइकिल,गणवेश आदि योजनाओ की जानकारियां दी। ग्राम पंचायत सचिव रामकिशुन मिश्रा, सरपंच लक्ष्मण सिंह, सहायक सचिव सन्तोष सिंह और शिक्षक प्रकाश राय द्वारा अतिथियों और विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों का स्वागत कर विधिवत कार्यक्रम शुरू किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक मिनी अर्पिता नाथन, दीपक राय, सचिव शालिग्राम ब्यास, सहायक सचिव रामकिशुन अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कर्मचारी, ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### खड़ेरी में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 6 मार्च से

**दमोह।** जिले बटियागढ ब्लाक के धर्मनगरी खड़ेरी में 6 मार्च से 11 मार्च तक भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पंचकल्याणक का रथ नगर नगर जाकर के भ्रमण करेगा। तथा सभी को आमंत्रण देगा। इस हेतु आज दमोह नगर में पंचकल्याणक समिति के द्वारा आमंत्रण दिया गया।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव की तैयारी शुरू

**दमोह।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग दमोह द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023 का आयोजन वर्चुअल रूप से किया जायेगा, उत्सव में इस वर्ष लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण एवं फोटोग्राफी कुल 8 विधाओं का आयोजन वर्चुअल रूप में किया जायेगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सैफउल्ला खान ने बताया भाग लेने हेतु इच्छुक प्रतिभागियों की उम्र दिसंबर 2023 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होना चाहिए। उक्त विधाओं में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागी अपने प्रदर्शन का वीडियो बनाकर जिला खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय में 25 दिसंबर 2023 तक भेज सकते है। इन वीडियों में से जिला स्तरीय निर्णायक समिति संभाग स्तरीय हेतु प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागियों को चयनित करेगी।

उन्होंने बताया वर्ष 2023 हेतु ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' थीम को चिन्हित किया गया है। लोकनृत्य हिन्दुस्तानी स्टाईल का ही मान्य होगा। टेप, केसेट्स आदि पर प्रस्तुति मान्य नहीं की जायेगी। लोकगीत भारतीय गायन पर आधारित, क्षेत्रीय भाषा में हो सकता है। फिल्मी गीत का प्रदर्शन मान्य नहीं होगा, जो भी प्रतिभागी वर्चुअल युवा उत्सव में भाग लेना चाहते है, वे रजिस्ट्रेशन फार्म हॉकी एस्ट्रोटर्फ परिसर स्थित जिला कार्यालय से प्राप्त कर अपने प्रदर्शन का वीडियो, आवेदन फार्म के साथ 25 दिसंबर 2023 तक कार्यालय में जमा कर सकते है।

### कुटीर मिलने से इन्द्रानी खुश

**दमोह।** दमोह जिले की तहसील बटियागढ़ की ग्राम पंचायत पांड़ाझिर निवासी इन्द्रानी कहती है, पहले टपरिया में रहते थे, अब कुटीर मिल गई है जिसमें रहने लगे है। वे खुशी-खुशी प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दे रही है।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न, दिए गये अहम दिशा निर्देश

# राशन दुकानों का निरीक्षण सतत करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा है राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जाए, इसमें 6 माह से अधिक के लंबित प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण हो। श्री अग्रवाल राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा आगामी माह की बैठक तक सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण विशेष अभियान चलाकर किया जाए। बैठक में एसडीएम, प्रभारी अधिकारी और तहसीलदार ,नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू अभिलेख एवं प्रबंधन ई गवर्नेंस और प्रबंधक लोक सेवा उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नामांतरण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा प्रकरणों में गति लाई जाना आवश्यक है, शेष लंबित प्रकरणों का तत्परता से निराकरण किया जाए। उन्होंने सीमांकन, बटवारा, डायवर्सन प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों से कहा इसमें गति लाई जाए। बैठक में डायवर्सन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में 694 प्रकरण पंजीबद्ध है, जिनमें से 507 का निराकरण किया गया है, शेष प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार डायवर्सन प्रकरण की जानकारी प्राप्त कर



राशि वसूलकर शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में शासकीय और निजी भूमि से अतिक्रमण हटाने के संबंध में समीक्षा करने पर पाया गया कि कुल 2258 प्रकरण पंजीबद्ध है, जिसमें से 2060 का निराकरण कर लिया गया है, शेष प्रकरण 198 लंबित है इनको भी शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। भू राजस्व एवं अन्य मदो की वसूली की तहसील वार समीक्षा की गई और लक्ष्य अनुसार वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

#### सी.एम.हेल्पलाईन

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि सी.एम.हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण त्वरित गति से किया जाये। प्राप्त शिकायत की जांच सक्षम अधिकारी से कराई जाये और प्रतिवेदन में जांचकर्ता अधिकारी का नाम आवश्यक होना चाहिये।

#### जनसुनवाई अंतर्गत आवेदनों की समीक्षा

बैठक के दौरान राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जनसुनवाई अंतर्गत राजस्व विभाग स्तर पर कुल आवेदन 143 लंबित है विशेष रूचि लेकर लंबित आवेदन पत्रों का निराकरण किया जाये।

#### लोक सेवा पर समय-सीमा बाह्य लंबित आवेदन

जिले में लोकसेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत वाहय लंबित आवेदन 2156 है, एक सप्ताह के अंदर निराकरण किया जाए। माह नवम्बर में राशन दुकानों के 34 निरीक्षण किये गये है। खाद्य अधिकारी दमोह को निर्देश दिये गये कि नरगुवां सोसाईटी का सत्यापन कराया जाकर दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाये। सिंगल विक्रताओं की दुकानें प्रतिदिन खोलना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार,नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक भ्रमण के दौरान उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें ।

बैठक में बताया गया मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना अंतर्गत फेस 1 से 5 तक अंतिम निराकरण स्तर पर भेजे गये 7984 पट्टे के विरूद्ध बटन हेतु तैयार पट्टे 585 है, धारणाधिकार के तहत 795 आवेदन पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 790 का निराकरण किया जाकर 05 आवेदन निराकरण हेतु शेष है। पीएम किसान सम्मान निधि के लंबित प्रकरणों को पूर्ण करने हेतु राजस्व निरीक्षक, पटवारियों को निर्देश दिये गये।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार अपने अधीनस्थ राजस्व निरीक्षक, पटवारियों के साथ दिन बुधवार को साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित करें तदाशय से इस कार्यालय को अवगत करायें । उन्होंने कहा 115 के तहत त्रुटि सुधार प्रकरण समय-सीमा में भेजना सुनिश्चित किये जायें साथ ही जिन प्रकरणों में अनुमति 5 वर्ष से अधिक हो चुकी है उन्हें 15 दिवस के भीतर निराकरण किया जाये । इस दौरान जिला ई-गर्वेनेंस मैनेजर ने 18 वर्ष से अधिक आयु वाले आधार के केवाईसी तहसील स्तर पर किये जाने हेतु बैठक में जानकारी दी।

# पुलिस अभिरक्षा से भागा हत्या का आरोपी किया गया गिरफ्तार

### 13 साल से पुलिस कर रही थी तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ़



जिले में बढ़ते अपराध पर लगाम कसने के लिए लगातार पुलिस अब बदमाशों के प्रति सख्त रवैया अपना रही है। इसी क्रम में दमोह जिले की बटियागढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। यहां जिले की बटियागढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए। 5 मई 2023 को बटियागढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि, थाना बंडा जिला सागर के हत्या के अपराध में फरार आरोपी घनश्यामपुरा बटियागढ़ में रह रहा है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो आरोपी नन्नू उर्फ गोविंद पिता बाबू सींग लोधी निवासी ग्राम नीमखेड़ा थाना बंडा, जिसका 13 साल पुराना स्थाई गिरफ्तारी वारंट होने पर बटियागढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। और पुलिस अभिरक्षा में लिया। लेकिन उस समय थाना से पुलिस अभिरक्षा से आरोपी फरार हो गया। बटियागढ़ थाना पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार आरोपी के थाना से फरार होने पर थाना बटियागढ़ में आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 224 ताहि. का अपराध घटित होना पाया गया। जो अपराध क्रमांक 147/2023 धारा 224 ताहि. के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उसी समय महानिरीक्षक सागर जोन के आदेश पर पुलिस अधीक्षक दमोह सुनील तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी पथरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बटियागढ़ नेहा गोस्वामी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। और आरोपी की तलाश जारी हुई जिसमें साइबर सेल टीम के सहयोग से और बटियागढ़ पुलिस की मेहनत से 13 साल से फरार चल रहे आरोपी को महाराष्ट्र दस्तयाब किया गया। जिसका प्रकरण क्रमांक 816/2010 अप. क्रमांक 191/2010 धारा 147, 148, 149, 323, 302 ताहि. के तहत आरोपी को आज दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। गठित टीम में पुलिस कर्मी, का.वा. निरी. नेहा गोस्वामी, सहा. उप निरी. संतोष तिवारी, आर. रोहित दांगी, सायबर टीम प्र. आर. सोरभ टंडन और राकेश अठया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जैन समाज ने की अक्षत कलश की आगवानी



**पटेरा।** अयोध्या से आए अक्षत कलश को पालकी में स्थापित कर नगर में मंदिर मंदिर ले जा कर स्थापित कर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जेन मंदिर में स्थापित करने हेतु जैन समाज द्वारा गाजे बाजे से बड़ी संख्या में भव्य आगवानी चंडी जी मंदिर से की गई। इसमें कलश यात्रा की प्रभारी टीम व श्रध्दालु जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। बस स्टैंड से होते हुए कलश यात्रा जैन बड़े मंदिर पहुंची। जहां विदया प्रशांत भवन में कलश स्थापित किया गया। साथ में आए सभी सदस्यों पदाधिकारियों का स्वागत कर मिष्ठान वितरण किया गया। विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। साथ आने वालों में प्रमुख रूप से मोहन ताम्रकार, पुष्पेन्द्र सोनी, हरप्रसाद चौरसिया, शंकर तंतुवाय, प्रकाश गुप्ता, प्रहलाद अग्रवाल, मुन्ना ताम्रकार, मुन्ना अवधिया, राजू आचार्य दिनेश सेन, अनिल ताम्रकार, श्याम सुंदर ताम्रकार, बेडीलाल ताम्रकार, बलराम ताम्रकार, बिहारी सोनी,संतु चौरसिया आदि मौजूद रहे। अगवानी करने वालों जैन समाज के अशोक बडकुल, अशोक सराफ, विजय बजाज, नरेन्द्र बजाज, महेश जैन, राजेन्द्र राही, पं जयकुमार जैन, राजेन्द्र बजाज, पन्नालाल, स्वपनिल सिंघई, प्रशांत सेठ, निर्मल सेठ, पंकज जैन, नीलेश सराफ, राजेश सेठ, राजेश बडकुल, जितेंद्र बडकुल, शरद सेठ, पप्पू बिला, संदीप बिला, अखिल सिंघई चिंटु, सनी, अवलेश जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# एक दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**दमोह।** नीति आयोग आकांक्षी जिला अंतर्गत आई.टी.सी. मिशन सुनहरा कल व सहयोगी संस्था एन.सी.एच.एस.ई.के सहयोग से कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह के वैज्ञानिकगण के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में के.व्ही. के. प्रमुख डॉ ए. के. श्रीवास्तव, वैज्ञानिक डॉ. राजेश द्विवेदी एवं बी.एल.साहू के द्वारा रबी सीजन की मुख्य फसले चना,मसूर व गेंहू के लिए तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य उद्देश्य था कि इन मैदानी अमलों के माध्यम से जिले मे प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षित कर बेहतर उत्पादन लिया जा सके। साथ ही डॉ. द्विवेदी द्वारा फसलों के बेहतर उत्पादन के लिए खाद एवम् उर्वरक प्रबंधन, रोग व कीट प्रबंधन तथा भंडारण की जानकारी प्रदान की गई। डॉ एम.के. अहिरवार द्वारा ड्रोन तकनीकी का कृषि में उपयोग, उसके लाभ व सब्सिडी मे किसानो को कैसे उपलब्ध हो पाए उसकी जानकारी दी गई। डॉ राजेश खवसे द्वारा मौसम पूर्वानुमान आधारित महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गये व मैदानी अमले को कृषि संबंधित जानकारियों से अवगत भी कराया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी व प्रमुख डॉ. ए. के. श्रीवास्तव, डॉ. राजेश द्विवेदी, डॉ. बी.एल.साहू, डॉ.एम.के.अहिरवार, राजेश खवसे, कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी, आत्मा परियोजना के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक व आई.टी.सी. मिशन एन.सी.एच.एस.ई. संस्था से सभी जिला समन्वयक उपस्थित रहे ।

# 170 तीर्थकर महामंडल विधान शुरू




**दमोह।** नगर में 20, 21 व 22 दिसंबर को सिविल वार्ड 4 में नवीन जिन मंदिर का शिलान्यास समारोह साथ में 170 तीर्थकर महामंडल विधान का आयोजन होने जा रहा है जिसमें पंडित राजेंद्र कुमार जबलपुर, संजय जी शास्त्री जेवर, पंडित विरागजी शास्त्री जबलपुर, धन सिंह जी आदि विद्वानों के माध्यम से प्रवचन का लाभ मिलेगा। सौधर्मेंद्र बनने का सौभाग्य जिनेंद्र कुमार जैन दमोह को प्राप्त हुआ है। ध्वजारोहण करता के रूप में श्रीमती श्वेता बजाज स्वप्निल बजाज रही। यह कार्यक्रम कुंदकुंद कहान ट्रस्ट दमोह के द्वारा आयोजित किया जा रहा है । इसके संयोजक मनोज शास्त्री ने बताया कि कुंदकुंद स्वामी के आगम पर चर्चा की जाएगी।

### पाक्सो एक्ट में आरोपी को 20 साल का कठोर कारावास

दमोह। न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो दमोह की अदालत ने आरोपी नेपाल उर्फ निप्पू पिता भगवानदास अठया उम्र 22 वर्ष साकिन दमोह देहात को पारित निर्णय में आरोपी को पॉक्सो अधिनियम 2012 की धारा 3(क)/4(2) में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 3000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार नाबालिग से दुराचार के मामले में दोषसिद्ध पाते हुये धारा 366 भादवि में 05 वर्ष का कठोर कारावास एवं कुल 500 रूपये के अर्थदण्ड एवं धारा 323 में एक वर्ष का कारावास एवं पॉक्सो अधिनियम 2012 की धारा 3(क)/4(2) में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 3000 रूपये से दण्डित किया गया ।

# अतिरिक्त भवन निर्माण से ढंक गया मुख्य भवन

### शासकीय उमा विदयालय देवडोंगरा में अनियमितताओं का बोलबाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पटेरा तहसील अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विदयालय में अनियमितताओं का बोल बाला है। यहां पर प्रभारी प्राचार्य नीता चौरसिया के द्वारा एक कक्ष का निर्माण कराया गया जिसकी शिकायत ग्राम के प्रभावी नागरिकों द्वारा कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से की थी परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई। कक्ष निर्माण घटिया सामग्री से कर ऊपर चद्दर से ढाक दिया गया है। शाला परिसर में गंदगी का आलम है। कक्ष ऐसी जगह बना है जिससे शाला का सौन्दर्यकरण ढक गया है। नये भवन का कक्ष मुख्य भवन के सामने बना दिया गया जिससे भवन का सौंदर्यकरण राशि आहरित कर ली गई है। पेवर ब्लाक निकालकर बेंच दिये गये है। पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धर्मेन्द्र पाठक सहित अनेक ग्रामवासियों ने जांच कर कार्यवाही व व्यवस्था की मांग की है।

# दंड भरकर ज्ञापन देने पहुंचे युवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले की जबेरा विधानसभा के आदिवासी बाहुल्यता के करीब 18 गांव के लोग ट्रैक्टरों से दमोह पहुंचे। बता दें कि सरकार नोरादेही अभ्यारण के कारण सर्रा से जुड़े कई गांव विस्थापित ककर रही है। जिसके विरोध में वहां के स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं इसी के चलते विस्थापित हो रहे गांव के लोग महिलाए, बच्चे, पुरुष, बुजुर्ग जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां विस्थापन का फैसला वापिस लो वापिस लो, विस्थापन बंद करो बंद करो के नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। एसडीएम आरएल बागरी को ज्ञापन सौंपकर, अनिश्चित कालीन धरना पर बैठ गए। विस्थापित हो रहें लोगो का सहयोग कर रहे अटल सेना के अध्यक्ष कवि चंद्रभान सिंह लोधी ने कहा कि आज मैं दंड भरकर कलेक्ट्रेट कलेक्टर साब को ज्ञापन देने पहुंचे। हमारी एक ही मांग है कि विस्थापन रुकना चाहिए। साथ ही जो हमारी मूलभूत सुविधाएं हैं उनको चालू की जाएं। आज हम लोग अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे रहे है। जब तक सरकार हमारी मांगे नहीं मान जाति तब तक हम लोग उठेंगे नहीं। जयस संगठन मंत्री श्रीकांत पोर्ते ने बताया कि यह लड़ाई हम लोग अपने हक अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। बता दें कि इस ज्ञापन में एक अनोखा रूप देखने मिला जब ज्ञापन देने लोग कलेक्ट्रेट जा रहे थे। तब कवि चंद्रभान सिंह लोधी दंड भरकर कलेक्ट्रेट तक पहुंचे। ज्ञापन देने यात्रा में करीब 18 से 20 गांव अटल सेना के सचिव दीनदयाल पटेल, गोविंद सिंह, रवि सिंह, विक्रम सिंह, गुलाब पटेल, गोलू जैन, गोविंद सिंह अर्थखेड़ा, अर्जुन सिंह लोधी, नौने लाल परस्ते, देवी सिंह गौंड फुलर, परम सिंह गौड़ सारा, जगन सिंह गौंड सर्रा, जुगलकिशोर, रामप्रसाद, अशोक सिंह गौड़ फुलर, हल्लाई गौंड माधो, टेक सिंग गौंड सर्रा, टेक सिंह, राजाराम, अनारी, सोने सींग, परम बीडीसी, तुलसी राम कुदपुरा, दशरथ, कोमल चन्द बोरिया, महेश सींग, बैजनाथ, गुलाब जैन मंझगवा सर्रा, लटोरी सिंग, हल्लू, बबलू, हल्लेभाई, नन्हेभाई, पूरन, दिनेश खरे सरपंच सर्रा, धस्सी बंसल सरपंच बोरिया, पुस्सू सरपंच कुदपुरा, जगन सरपंच भैंसा, सोहन सींग, बलवंत यादव, कोमलचन्द जैन, जिनेश कुमार, राजकुमार सर्रा, कनई गौंड सर्रा, फागू कुतपुरा, प्रहलाद सिंह, सोनी सींग सनाई, बसोरी पटेल, खेत सिंग, कैलाश पटेल मझगवा, महेश सींग, शिवलाल, रमेश पटेल साथ ही नोरादेही विस्थापन संघर्ष समिति, अटल सेना, जयस के सैकड़ो सदस्य मौजूद रहे।

# बाइक सवार आटो से टकराए

**तेन्दूखेड़ा।** बुधवार को तेजगढ़ थाने की इमलिया चौंकी क्षेत्र के अंतर्गत हरदुआ गांव और संतधरु डेम के पास बाइक सवार दो लोग आंटो से टकरा गए जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जहां घटना की जानकारी राहगीरों द्वारा डायल 100 और 108 को दी गई। जहां घटना की जानकारी लगते हैं। नोहटा थाना क्षेत्र की डायल 100 घटनास्थल पास होने के चलते मौके पर पहुंची जहां बाइक सवारों घायलों को इलाज़ के दमोह लेकर पहुंचे जहां पर दोनों का इलाज जारी है। डायल 100 से मिली जानकारी अनुसार पायलट श्याम कुमार रैकवार और सैनिक शिवनारायण राजपूत ने बताया कि घटना की जानकारी दमोह से आते हैं। मौके पर पहुंचे थे जहां बाइक सवार दो लोग आंटो से टकराकर सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े हुए थे जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में 108 पहुंची जहां घायलों को फिर 108 वाहन से जिला अस्पताल भेजा गया है। हादसे में घायल हुए दिनेश पिता बाजीराव नेमाने उम्र 25 वर्ष निवासी औरंगाबाद महाराष्ट्र जो भी दमोह में केनरा बैंक मैं होना बताया गया है। जो अपने साथी रंजीत सींग पिता हिम्मत सींग राजपूत उम्र 35 वर्ष निवासी मुकेश कालोनी पानी टंकी दमोह का निवासी है जो अनियंत्रित होकर आंटो से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों ने बताया कि वह फील्ड के कुछ कार्य को लेकर इमलिया तरफ जा रहे थे। रास्ते में हादसा हो गया। वहीं आंटो इमलिया चौंकी पुलिस ने जब्त करते हुए चौंकी परिसर में रखवाया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कुटीर पाने दर-दर भटक रही विकलांग कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

ग्राम की निवासी कविता पति राजकुमार पटेल पिछले 1 वर्ष से कुटीर पाने के लिए शासकीय कार्यालय के चक्कर लगा रही है। विगत 10 अक्टूबर 23 को शिकायतकर्ता राजकुमार पटेल द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई जिसमें उल्लेख किया गया कि मेरी पत्नी कविता पटेल का नाम पिछले एक वर्ष से पंचायत आवास की सूची में दर्ज है। लेकिन मुझे आज तक कुटीर प्राप्त नहीं हुई। आवेदक की शिकायत की जांच उप यंत्री राहुल कुर्मी द्वारा की गई जिसमें पाया गया कि आवेदिका कविता पटेल का नाम आवास प्लस की सूची में जोड़ा जा चुका है। ग्राम पंचायत गेसावाद की आवास प्लस की सूची में सरल क्रमांक 72 में दर्ज है जिसकी पीएमएवाई आईडी एमपी 12405155 है। शासन स्तर से आज दिनांक गैसाबाद पंचायत मैं 30 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। आवेदक द्वारा तुरंत कुटीर की मांग की गई है जो संभव नहीं है आवेदक राजकुमार पटेल को यह जवाब सीएम हेल्पलाइन भोपाल द्वारा उसके मोबाइल पर भेजा गया यहां पर उल्लेखनीय पहलू यह है कि जब आवेदक का पिछले 1 वर्ष से आवास वितरण की सूची में नाम आ चुका है। तो उसे आज तक कुटीर प्राप्त क्यों नहीं हुई ग्राम का यह पहला मामला नहीं है दर्जनों हितग्राही कुटीर पाने के लिए आज भी अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत के चक्कर लगा लगा के थक चुके हैं। लेकिन उन्हें कुटीर प्राप्त नहीं हुई जबकि कुछ ऐसे लोग भी हैं ग्राम में जिनको दो दो बार कुटीर का लाभ प्राप्त हो चुका है। इस विषय पर पंचायत प्रशासन से बात करो तो हर बार उनका यही जवाब होता है कि अभी टारगेट नहीं आया है जब टारगेट आएगा तब कुटीर मिलेगी पता नहीं। साहब यह टारगेट कब आता है गौरतलब है कि आवेदिका कविता पटेल दोनों पैरों से विकलांग है। इसी तरह ग्राम के मकबूल खान आशीष नामदेव जैसे अनेक हितग्राही ऐसे भी है जिनके पास रहने के लिए घर भी नहीं है। टूटी फूटी झोपड़ी बनाकर जीवन यापन करने को मजबूर है। शासन और प्रशासन को सूक्ष्मता से जांच करके आम गरीब तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। तभी कुछ हो सकता है नहीं तो आपसी बंदर बांट एवं अफसर शाही के चलते शासन की जन कल्याणकारी योजनाएं कागज के फूल साबित हो रहे हैं।